# आपका फैसला

| Regional News Paper | Edition : Bilaspur (HP) | Circulation: |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 14.07.2025 | पृष्ठ सं. (Page No.) 09 | क्रम सं. (Serial No.) |

# बर्मिंघम में सीआईएसएफ ने जीते 64 पदक: अजय बाली



**बिलासपुर, (आपका फैसला)।** एनटीपीसी कोलडैम स्टेशन सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने बताया कि अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस एवं फायर गेम्स 2025 में सीआईएसएफ खिलाड़ियों ने कुल 64 पदक जीते, जिससे भारत तीसरे स्थान पर रहा तथा देश का मान बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ बल की यह सफलता इसके अनुशासन, फिटनेस, कठोर प्रशिक्षण और समर्पण की जीती.जागती मिसाल है। उन्होंने हरियाणा के सीआईएसएफ एथलीटों के योगदान की विशेष सराहना की। डिप्टी कमांडेंट अजय बाली ने कहा कि सीआईएसएफ का यह प्रदर्शन न केवल खेलों में श्रेष्ठता सिद्ध करता है, बल्कि हमारी टीम की शारीरिक क्षमताए मानसिक दृढ़ता और अनुशासित जीवनशैली का भी प्रतीक है। सीआईएसएफ भविष्य में भी अपने जवानों को खेल, फिटनेस, अनुशासन और नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।